पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,उत्तर प्रदेश

# मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ : 04 सितम्बर, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महान दार्शनिक, शिक्षाविद और देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान और उनके विचार आज भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने का कार्य नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और चरित्र का निर्माण करते हुए उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। एक शिक्षक के मार्गदर्शन और प्रेरणा का प्रभाव विद्यार्थी के जीवन के साथ–साथ समाज और राष्ट्र के भविष्य पर भी पड़ता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्राचीन ज्ञान, साधना और संस्कारों की पावन भूमि है। काशी ने विश्व को ज्ञान का प्रकाश दिया, सारनाथ में भगवान बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश दिया। अयोध्या, मथुरा–वृन्दावन और प्रयागराज हमारी सनातन ज्ञान–परम्परा के प्रमुख केन्द्र रहे हैं। शुकतीर्थ में महर्षि शुकदेव ने श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया, तो नैमिषारण्य में 88 हजार ऋषियों की साधना ने भारतीय ज्ञान–परम्परा को समृद्ध और सिद्ध किया। यही वह पुण्यभूमि है, जहाँ ज्ञान, अध्यात्म, दर्शन, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान–विज्ञान की महान परम्पराएं विकसित हुईं और भारत की ज्ञान–परम्परा ने विश्व को दिशा दी। इस गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाने का दायित्व आज हमारे शिक्षकों के कंधों पर है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमारे शिक्षक प्राचीन ज्ञान–परम्परा को आधुनिक शिक्षा, तकनीक, कौशल और नवाचार से जोड़कर नई पीढ़ी का भविष्य गढ़ रहे हैं। वे विद्यार्थियों को ज्ञान और कौशल के साथ राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों के प्रति जागरूक कर रहे हैं तथा उनमें अनुशासन, जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का संस्कार विकसित कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षक अपने समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और नवाचार के माध्यम से प्रदेश की भावी पीढ़ी को ज्ञानवान, संस्कारवान, सक्षम और जिम्मेदार नागरिक बनाने में निरन्तर अपना योगदान देते रहेंगे।

———————